**Title:** Need to fill up backlog of SC and ST vacancies in Government jobs.

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय, केन्द्र सरकार के अधीन आने वाले मंत्रालयों, विभागों और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के आरक्षित पदों को आज तक आरक्षण के अनुरूप भरा नहीं गया है तथा न ही सरकार ने इस श्रेणी के कर्मचारियों की सेवाओं और पदोन्नतियों में आरक्षण को बनाए रखने के लिए संविधान में संशोधन करने के लिए पांच कार्यालय ज्ञापनों के बारे में कोई कदम उठाया है, जिसकी वजह से अनुसूचित जाति के लोगों में भारी रोष व्याप्त है।**

**मेरी सरकार से मांग है कि केन्द्र सरकार मंत्रालयों, विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षित पदों को आरक्षण के अनुरूप तुरन्त भरे जाने हेतु और इस चूक के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध कारगर कदम उठाए जाने के लिए तथा पदोन्नतियों में आरक्षण को बनाए रखने के लिए संविधान में संशोधन करने के लिए सदन में विधेयक लाकर पांच कार्यालय ज्ञापनों के बारे में तुरन्त कदम उठाए।**

-------